
# विजयादशमी पर जयपुर में 28 स्थानों से निकले पथ संचलन, हुआ शस्त्र पूजन

**जयपुर।** विजयादशमी के अवसर पर बुधवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की ओर से जयपुर महानगर में 28 स्थानों पर 29 पथ संचलन निकले और शस्त्रपूजन के कार्यक्रम हुए। इस अवसर पर स्वयंसेवकों ने दंड, नियुद्ध, योग और सूर्यनमस्कार किए। शस्त्र पूजन के बाद घोष के साथ सैंकड़ों स्वयंसेवकों ने पूर्ण गणवेश में पथ संचलन निकाला। नगरवासियों ने स्थान-स्थान पर पुष्पवर्षा कर संचलन का स्वागत किया गया। न्यू सांगानेर रोड के वीटी चौराहे और रोड नंबर 5 सीकर रोड पर द्विधारा संगम हुआ। यहा दो दिशाओं से आरहे संचलन का संगम हुआ तो नयनाभिराम दृश्य देख लोग अभिभूत हो गए।

**■ डॉ हेडगेवार ने संघ की स्थापना समाज को शक्तिशाली बनाने के लिए की : स्वांत रंजन**

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय बौद्धिक प्रमुख स्वांत रंजन ने विजयनगर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि विजयादशमी शक्ति की उपासना का दिन है। प्रतीक के रूप में शस्त्र पूजन करते हैं। तीन प्रकार की शक्ति होती है। संगठित शक्ति, धन की शक्ति, ज्ञान की शक्ति, जिसके पास ज्ञान है, वही शक्तिशाली है। विवेकशील व्यक्ति ही इन शक्तियों का सही उपयोग कर सकता है। डॉ हेडगेवार ने संघ की स्थापना समाज को शक्तिशाली बनाने के लिए की।

राजस्थान के क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम ने तेजाजी नगर में आयोजित कार्यक्रम में कहा कि संपूर्ण भारत से विश्व के अंदर धर्म की विजय और शक्ति का एक संदेश देने वाला आज का ये दिन हैं। परंपरा से अपने देश के अंदर विजयादशमी को हम सभी शस्त्र पूजन करते हैं। सौभाग्य से अपने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का काम विजय दशमी के दिन प्रारंभ हुआ। संघ आज सत्तानवे वर्ष का हो गया।



आरएएस ने विजया दशमी के अवसर पर जयपुर में शस्त्र पूजा के बाद पथ संचलन निकाला।

जयपुर के पॉन्ड्रिक नगर में आयोजित कार्यक्रम को क्षेत्र कार्यवाह जसवंतसिंह ने संबोधित किया। उन्होंने बताया कि संघ के स्वयंसेवक समाज के प्रत्येक क्षेत्र में देश के कोने कोने में विपत्ति में सभी लोगों की मदद करते हैं। इस कार्य को स्वयंसेवक बिना किसी दबाव के स्वयं प्रेरणा से करते हैं। देश में किसी भी प्रकार की विपत्ति चाहे बाढ़ ग्रस्त क्षेत्र, भूकंप प्रभावित क्षेत्र या विश्वव्यापी कोरोनावायरस की भयंकर प्रलयलीला हो सभी विपत्तियों में स्वयंसेवक सबसे आगे खड़ा रहा।

मानसरोवर में आयोजित कार्यक्रम को संघ के राजस्थान क्षेत्र प्रचार प्रमुख महेंद्र सिंहल ने संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यदि दुनिया में और समाज में शांति स्थापित करनी है तो उसके लिए सज्जन लोगों का शक्ति संपन्न होना अति आवश्यक है। सनातन हिंदू संस्कृति ही सर्वे भवन्तु सुखिन: की कामना मन में लेकर विश्व कल्याण की बात करती है। हम कितने भी संस्कार युक्त और गुणों से संपन्न हों लेकिन यदि शक्तिहीन हैं तो कोई भी हमारी बात नहीं सुनेगा। संघ समाज की इसी संगठित शक्ति को जागृत करने का कार्य अपनी स्थापना के समय से ही लगातार कर रहा है।

विद्याधर नगर में स्वयंसेवकों और प्रबुद्ध नागरिकों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जयपुर प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेन्द्र कुमार ने कहा कि समाज की सज्जन शक्ति की निष्क्रियता से अनाचार की प्रवृत्ति हावी हो रही है। अच्छे लोगों की संख्या अधिक होने के बावजूद समाज में दुर्जनों का मनोबल और बढ़ रहा है। इसलिए वर्तमान में निरंतर बढ़ रही राष्ट्र विरोधी और अवांछित गतिविधियों में लिप्त तत्वों पर अब समाज की प्रभावी सर्जिकल स्ट्राइक की जरूरत है।

# प्रदेश में बुधवार को 36 नए करोना संक्रमित मिले

## पिछले चौबीस घंटों में जयपुर में आठ नए मरीज मिले हैं

**-कार्यालय संवाददाता-**

**जयपुर।** प्रदेश में बुधवार को करोना संक्रमण के 36 नए मामले सामने आए हैं। वहीं 54 मरीज ठीक भी हुए हैं। इसके साथ ही एक्टिव केस घटकर तीन सौ से भी कम रह गए हैं। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है।

प्रदेश में नए करोना संक्रमितों की संख्या पचास से नीचे बनी हुई है। बुधवार को 13 जिलों में 36 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले मंगलवार को इनकी संख्या 13 रही थी। इधर राजधानी जयपुर में आज सबसे ज्यादा 8 नए संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा जोधपुर व पाली में 5-5, कोटा व उदयपुर में 4-4, अलवर में 3 तथा भरतपुर, भीलवाड़ा, बीकानेर, चित्तौड़गढ़, दौसा, झालावाड़ और डूंगरपुर में एक-एक नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 8 हजार 36 सैम्पल की जांच की गई है। राज्य में बुधवार को 54 संक्रमित ठीक हुए हैं। लगातार रिकवरी बढ़ने से एक्टिव केस घटकर 298 रह गए हैं। जयपुर में आज 9 और मरीजों के रिकवर होने से 65 एक्टिव केस रह गए हैं। प्रदेश में बुधवार को करोना से किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई है। हालांकि अब तक इस बीमारी से 9642 लोगों की जान जा चुकी है।

उधर, राजधानी जयपुर में बुधवार को 9 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें आमेर, बनीपार्क, दुर्गापुरा, गोपालपुरा, जौहरी बाजार, कोटपूतली, मालवीय नगर और मानसरोवर में 1-1 नया मरीज मिला है।

## सराफ ने पथ संचलन पर पुष्प वर्षा की

**जयपुर।** सत्य एवं न्याय की विजय के प्रतीक विजयदशमी उत्सव के गौरवशाली अवसर पर आयोजित शस्त्र पूजन एवं पथ संचलन कार्यक्रम के तहत राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ महेश नगर एवं गोपाल नगर के स्वयं सेवकों के पथ संचलन का संगम त्रिवेणी नगर चौराहा पर हुआ। मालवीय नगर विधायक कालीचरण सराफ के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा की, वंदे मातरम और भारत माता की जय के नारे लगाये गये। इस अवसर पर उप महापौर पुनीत कर्नावट, ब्रह्म कुमार सैनी,मंडल अध्यक्ष जितेंद्र अजमेरा, पार्षद रमेश सैनी, हिमांशु जैन, महेश सैनी, महेश सैनी बच्चू, भौमाराम टाटीवाल, मिथिलेश विजय उपस्थित रहे।

# 201 आरएएस अफसरों के तबादले

**जयपुर** (कासं.)। राजस्थान सरकार ने आज एक आदेश जारी कर राजस्थान प्रशासनिक सेवा (आरएएस) के 201 अफसरों के तबादले किये है।

तबादलों ने मुख्य रूप से राजेन्द्र कुमार वर्मा को अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम, जयपुर हैरिटेज, जयपुर, सुखवीर सैनी को अतिरिक्त महानिरीक्षक (प्रशासन), पंजीयन एवं मुद्रांक, जयपुर, विवेक कुमार को संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक (ख) विभाग, जयपुर, गौरव चतुर्वेदी को अतिरिक्त निदेशक, आईईसी-कम-परियोजना निदेशक, एनएचएम राजस्थान, जयपुर, राजेन्द्र सिंह कविया को संयुक्त शासन सचिव, कार्मिक (क-3) विभाग, जयपुर, सुनील भाटी को कार्यकारी निदेशक राजस्थान स्टेट वेबरेजेज कॉर्पोरेशन लिमिटेड, जयपुर, पंकज कुमार ओझा को रजिस्ट्रार राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण, जयपुर, डॉ. वीरेन्द्र सिंह को क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी जयपुर-प्रथम, प्रियंका जोधावत को अतिरिक्त महानिदेशक, जवाहर कला केन्द्र जयपुर, आभा बेनीवाल को विशेषाधिकारी (भूमि अवाप्ति) रीको, जयपुर, मेघराज सिंह मीणा को उपायुक्त जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर, महेन्द्र कुमार मीणा को जिला रसद अधिकारी (प्रथम), जयपुर, अनुराधा गोगिया को जिला रसद अधिकारी (द्वितीय), जयपुर, हाकम खाँ को उफ निदेशक शांति एवं अहिंसा विभाग, जयपुर, सोमदत्त दीक्षित को उफ मुख्य निर्वाचन अधिकारी, निर्वाचन विभाग, जयपुर, सत्य प्रकाश कस्वां को प्राधिकृत अधिकारी, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर, रवि वर्मा को भूमि अवाप्ति अधिकारी रीको, जयपुर, शीलावती मीणा को परियोजना निदेशक एवं राज्य नोजल अधिकारी पीसीपीएनडीटी ब्यूरो ऑफ इन्वेस्टिगेशन (पीबीआई) निदेशालय चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सेवाएं राजस्थान, जयपुर, सुनील शर्मा-1 को सहायक कलस्टर (मुख्यालय) आमेर जयपुर, ओम प्रकाश थानवी को भूमि अवाप्ति अधिकारी, रीको, जयपुर, राकेश कुमार-II को उप निदेशक, इंदिरा गांधी पंचायती राज संस्थान, जयपुर के पद पर लगाया है।

# 'पायलट के मेरे घर पर आने से सारा माहौल शांत हुआ है'

**जयपुर,** (का.प्र.)। कभी सचिन पायलट के खास सिपहसालार रहे और अब मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के नजदीक बने हुए राजस्थान के मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा है कि इस वक्त राजस्थान हॉट है। परसों रात को सचिन पायलट मेरे घर आए, उन्होंने काफी पी, गप्पे ठोके। वो सिविल लाइंस में मेरे घर के बराबर पास ही में रहते हैं। पहले हम दोनों ने बीजेपी के खिलाफ बहुत आंदोलन भी लड़े हैं। वो मेरे घर आ गए, डेढ़ घंटे बात कर गए, तो पूरे देश में खबर हो गई कि प्रताप सिंह खाचरियावास के घर पर सचिन पायलट क्यों आ गए? क्या कारण था? क्या बातें हुईं? अब मैं क्या बताऊं, सब बातें बताने की होती हैं क्या? मैं भी समझने लगा हूँ। कुछ बातें अंदर भी रहनी चाहिए। वो ठीक रहता है।

2020 में कांग्रेस की बगावत के समय सचिन पायलट के खिलाफ लगातार बयानबाजी करने वाले प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि पायलट के मेरे घर पर आने से सारा माहौल शांत हुआ है।राजस्थान का माहौल अच्छा हुआ है। तो खुश होना चाहिए कि माहौल ठीक हुआ है। पायलट ने तो हमारी मुलाकात को लेकर एक शब्द भी नहीं बोला। दरअसल यह बात कहकर खाचरियावास ने जताने का प्रयास किया है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और सचिन पायलट दोनों के लिए वह सबसे महत्वपूर्ण कड़ी हैं।

**■ अशोक गहलोत और सचिन पायलट में व्यक्तिगत रंजिश तो है नहीं, ये तो पॉलिटिक्स है : खाचरियावास**

खाचरियावास ने दोहराया कि मैंने ये कहा कि वो मेरे यहां आए, भजन-कीर्तन तो करेंगे नहीं, बात ही करेंगे। सब बात भी हुई है। उसके बाद मैं मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से भी मिला। क्योंकि मैं उनके साथ मंत्री हूँ। हम एक परिवार में बैठे हैं। अशोक गहलोत और सचिन पायलट में व्यक्तिगत रंजिश नहीं है। ये पॉलिटिक्स है। माहौल बना दिया गया है कि दोनों में व्यक्तिगत रंजिश है, ऐसा नहीं है। दोनों एक ही पार्टी में काम करते हैं। गहलोत बहुत सीनियर हैं, पायलट यंग लीडर हैं।

जयपुर में अपने सरकारी निवास पर खाचरियावास ने कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा है एक स्टेट में एक नहीं 10 नेता होने चाहिए,क्योंकि राहुल गांधी चाहते हैं पूरे देश के हर स्टेट में कांग्रेस के पास 10-10, 20-20 नेता हों। सब फेस मिलकर जबरदस्त वोट लेकर आए और कांग्रेस जीते। नेताओं की फौज जितनी ज्यादा होगी उतना फायदा होगा।

92 विधायकों के इस्तीफे को लेकर खाचरियावास ने कहा कि सारा मामला होने के बाद मुख्यमंत्री गहलोत दिल्ली गए और बाहर आकर बहुत बड़प्पन के साथ माफी मांगी। गहलोत कांग्रेस विधायक दल के लीडर हैं, उन्होंने कहा कि ऐसा नहीं होना चाहिए था। 2023 में कैसे कांग्रेस सरकार बनाएगी, इसके लिए पूरे परिवार को एक होकर, बैठकर और फैसला करके तय करने की जरूरत है।

## संविदा कर्मियों की नियुक्ति निरस्त करने का आदेश रद्द

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने संविदा कर्मियों को नियुक्ति देने के सात दिन बाद ही उन्हें बिना सुनवाई का मौका दिए नियुक्ति निरस्त बर्खास्त करने के आदेश को रद्द कर दिया है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश मंजू जायसवाल व अन्य की याचिका पर दिए। अदालत ने कहा कि बर्खास्त करने से पहले याचिकाकर्ताओं का पक्ष नहीं सुना गया, जो कि प्राकृतिक न्याय के सिद्धांत के विपरीत है। ऐसे में 27 मई 2021 को जारी बर्खास्तगी आदेश रद्द किए जाते हैं, लेकिन यदि राज्य सरकार चाहे तो याचिकाकर्ताओं का पक्ष सुनकर नए सिरे से आदेश पारित कर सकती है।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने एएनएम, फार्मासिस्ट और जीएनएम सहित अन्य पदों पर संविदा से भर्ती करने के लिए 3 मई 2021 को भर्ती निकाली। जिसमें याचिकाकर्ताओं ने भाग लिया और विभाग की ओर से नियुक्ति मिलने पर उन्होंने बीस मई को संबंधित पदों का कार्यभार संभाल लिया। पद ग्रहण करने के सात दिन बाद ही विभाग ने 27 मई को आदेश जारी कर बिना कारण बताए याचिकाकर्ताओं को बर्खास्त कर दिया।

# व्याख्याता के तबादले पर रेट ने लगाई रोक

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान सिविल सेवा अपीलीय अधिकरण ने स्कूल व्याख्याता और एनसीसी के एसोसिएट अफसर का तबादला करने और कार्य मुक्त करने के आदेश की क्रियान्विति पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही अधिकरण ने प्रमुख शिक्षा सचिव और शिक्षा निदेशक सहित अन्य को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। अधिकरण ने सदस्य एनएम काला और शुचि शर्मा ने यह आदेश भौतिक विज्ञान के व्याख्याता बेनी प्रसाद सोनी की अपील पर दिए।

**■ सरकारी खर्च पर एएनओ की ट्रेनिंग के बाद बिना एनसीसी वाली स्कूल में तबादला करने पर अधिकारियों को नोटिस देकर जवाब तलब किया है**

अपील में अधिवक्ता लक्ष्मीकांत शर्मा ने अधिकरणको बताया कि अपीलार्थी टोंक के एक स्कूल में व्याख्याता लगा हुआ है। राज्य सरकार ने एसोसिएशट ऑफिसर के पद पर कमीशन के लिए लाखों रुपए खर्च कर अपीलार्थी की विशेष ट्रेनिंग कराई। ट्रेनिंग का उद्देश्य था कि याचिकाकर्ता स्कूल व्याख्याता के साथ-साथ स्कूल में एनसीसी लेने वाले विद्यार्थियों को भी प्रशिक्षित कर सके। इसके बावजूद ट्रेनिंग के बाद में शिक्षा निदेशक ने उसका तबादला भीलवाड़ा जिले के जहाजपुर ब्लॉक में ऐसे स्कूल में कर दिया जहां एनसीसी ही नहीं है। जबकि राज्य सरकार के नियमों के तहत एनसीसी अफसर का तबादला सामान्य स्कूल में नहीं किया जा सकता। अपीलार्थी की ओर से संबंधित अधिकारियों को इस संबंध में लिखित परिवेदना भी पेश की गई, लेकिन उस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। अपील में कहा गया कि जहाजपुर की स्कूल में एनसीसी की सुविधा नहीं होने से याचिकाकर्ता की ट्रेनिंग पर राज्य सरकार की ओर से किया गया लाखों रुपए का खर्च व्यर्थ हो गया और उसकी ट्रेनिंग का लाभ किसी विद्यार्थी को भी नहीं मिल रहा। ऐसे में उसके तबादला आदेश और कार्य मुक्त करने के आदेशों को रद्द किया जाए।

# लोगों की समस्याओं के शीघ्र निपटारे के निर्देश

**जयपुर,** (का.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि राज्य सरकार का मुख्य ध्येय अंतिम पंक्ति में बैठे व्यक्ति तक संवेदनशील, पारदर्शी और जवाबदेह सुशासन पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि जनसाधारण की समस्याओं के समाधान के लिए ग्राम पंचायत स्तर तक जनसुनवाई की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाया गया है। आमजन की समस्याओं को प्रभावी रूप से निचले स्तर पर ही त्वरित निस्तारित किया जा रहा है, इस कारण मुख्यमंत्री स्तर तक आने वाली आमजन की समस्याओं में 50 प्रतिशत तक की कमी दर्ज की गई है। मुख्यमंत्री ने स्थानीय निकायों एवं स्वायत्त शासन में भी लोगों की समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए।

गहलोत बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में जन अभाव अभियोग निराकरण की समीक्षा बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सुशासन की संकल्पना को तभी साकार माना जा सकता है जब आमजन के जरूरी काम समय पर होने के साथ ही उनकी समस्याओं का त्वरित एवं उचित निस्तारण भी हो सके। मुख्यमंत्री ने सम्पर्क पोर्टल, हैल्पलाइन 181, जनसुनवाई तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त प्रकरणों के निराकरण की गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि अधिकारी पूरी संवेदनशीलता और मजबूत इच्छाशक्ति के साथ समस्याओं के निराकरण कार्य को करें।

बैठक में बताया गया कि हैल्पलाइन 181 पर 1 जनवरी 2019 से अब तक लगभग 73 लाख प्रकरण पंजीकृत किए गए हैं। इनमें से लगभग 71.60 लाख (98 प्रतिशत से अधिक) प्रकरणों को निस्तारित किया जा चुका है। गहलोत ने हैल्पलाइन 181 के अधिक प्रचार-प्रसार के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं उचित निराकरण के चलते प्रदेशवासियों में सरकार के प्रति संतुष्टि का भाव बढ़ा है। उन्होंने कहा कि समस्याओं के निस्तारण की प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। गहलोत ने अपराधों एवं कानून-व्यवस्था से संबंधित शिकायतों के प्रभावी एवं त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए ताकि फरियादी को समयबद्ध रूप से न्याय मिलना सुनिश्चित हो सके।

## 'हर खेत को सिंचित रखने की सोच को आगे बढ़ा रही मोदी सरकार'

**जयपुर।** केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि भारत में मोदी सरकार प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत हर खेत को सिंचित रखने की सक्रियता से ''पर ड्रॉप मोर क्रॉप'' की सोच को आगे बढ़ा रही है।

बुधवार को शेखावत ने एडिलेड (ऑस्ट्रेलिया) में अयोजित 24वीं आईसीआईडी महासभा को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि हमारे दूरदृष्टा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जल से सभी विषयों को एक ही छत के नीचे सुनियोजित करने देश को वर्ष 2019 में जलशक्ति मंत्रालय दिया। उनकी संकल्पना से आज जल के माध्यम से जनसेवा अधिक श्रेयस्कर और सरल हुई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत हर खेत को सिंचित रखने की सक्रियता से ''पर ड्रॉप मोर क्रॉप'' की सोच को आगे बढ़ा रही है।

## विवाहिता की संदिग्ध मौत

**जयपुर।** चौमूं थाना क्षेत्र में एक विवाहिता की संदिग्ध मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के हवाले कर दिया। थानाधिकारी हेमराज ने बताया भरण की ढाणी, गोविंदगढ़ निवासी सुवालाल कुमावत की बेटी आशा (22) की शादी करीब तीन साल पहले चौमूं निवासी धर्मेंद्र से हुई थी। दोनों की 4 माह की बेटी है।

# विजयादशमी पर स्पीकर बिरला ने इंडोनेशिया के मंदिर में की आराधना

**जयपुर,** (का.सं.)। लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, जो वर्तमान में 20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए इंडोनेशिया में है, ने बाली में गरुड़ विष्णु केंकाना कल्चरल पार्क का दौरा किया। गरुड़ विष्णु केनकाना कल्चरल पार्क में स्थित विशाल गरुड़ विष्णु केनकाना प्रतिमा वास्तुशिल्प और इंजीनियरिंग का शानदार उदाहरण है। यह प्रतिमा भारतीय पौराणिक कथाओं पर आधारित है। इस अवसर पर बिरला को प्रतिमा की अवधारणा और संकल्पना के बारे में जानकारी दी गई। बिरला को यह जानकर खुशी हुई कि भारत की सांस्कृतिक उत्कृष्टता की झलक बाली में इतनी खूबसूरती से दर्शाई गयी है।

**■ पी-20 सम्मेलन में 20 देशों की संसदों के अध्यक्षों को करेंगे संबोधित**

उसके बाद प्रतिनिधिमंडल बाली के विश्व प्रसिद्ध उलुवातु मंदिर पहुंचा। यह मंदिर बाली के नौ प्रमुख डायरेक्शनल मंदिरों में से एक है। अद्भुत वास्तुकला से सुसज्जित, यह मंदिर एक अद्वितीय स्थान पर स्थित है जहां ऊपर घने बादल हैं और नीचे चट्टानों पर लहरें आकर टकराती हैं।

बाद में, बिरला ने उलुवातु केकक डांस ओपन थिएटर, बाली में केकक नृत्य प्रदर्शन देखा। चूंकि यह नृत्य रामायण से प्रेरित है, इसलिए इससे विशेष रूप से भारतीय मूल के लोगों में गर्व की भावना उत्पन्न होती है कि भारत की समृद्ध संस्कृति इतने दूर-दराज के क्षेत्रों तक भी फ़ैली हुई है।



लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बुधवार को बाली, इंडोनेशिया के उलुवातु मंदिर में पूजा अर्चना की।

20 शिखर सम्मेलन का उद्घाटन 6 अक्तूबर को होगा। इसका समग्र विषय ''सतत सुधार के लिए सशक्त संसद'' है। प्रतिनिधि समग्र विषय के व्यापक दायरे के भीतर चार उप-विषयों पर विचार-विमर्श करेंगे। शिखर सम्मेलन के अंत में एक संयुक्त वक्तव्य स्वीकार किया जाएगा।

लोक सभा अध्यक्ष 6 अक्तूबर को ''प्रभावी संसद, जीवंत लोकतंत्र'' विषय पर मुख्य वक्ता के रूप में विशिष्ट सभा को संबोधित करेंगे। वह कल ''उभरते मुद्दे: खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, और आर्थिक चुनौतियां'' विषय पर होने वाली चर्चा में भी भाग लेंगे।

राज्यसभा के उपसभापति कल ''सामाजिक समावेशन, लैंगिक समानता और महिला अधिकारिता'' विषय पर चर्चा में भाग लेंगे।

7 अक्तूबर को लोकसभा अध्यक्ष अपने विशेष संबोधन में जी -20 देशों के अध्यक्षों को भारत की संसद की अध्यक्षता में 2023 में भारत में होने वाले 9वें पी 20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए आमंत्रित करेंगे।

इस शिखर सम्मेलन में भाग लेने के साथ ही बिरला अन्य संसदों के अध्यक्षों के साथ द्विपक्षीय बैठकें भी करेंगे। इस दौरान लोक सभा अध्यक्ष के विशेष कार्याधिकारी राजीव दत्ता भी साथ रहेंगे।

## नागपुर में ''तीर'' संगठन की स्टाल का उद्घाटन

**जयपुर,** (का.सं.)। ट्राईबल एम्पलाइज एंम्पावरिंग एसोसिएशन ऑफ इंश्योरेंस सेक्टर (तीर) संगठन के महासचिव अशोक मीणा ने बताया कि विजयादशमी के दिन ओरिएंटल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, नागपुर के मुख्य क्षेत्रीय प्रबंधक ने ''तीर'' संगठन की पांडाल में लगी स्टॉल का उद्घाटन कर बाबा साहब डा. भीमराव अंबेडकर तथा बुद्ध भगवान की प्रतिमा पर पुष्प अर्जित किए। इस अवसर पर भारतीय विमा कर्मचारी सेना, नागपुर के वरिष्ठ साथी अजीत रानाडे भी उपस्थित रहे।

ट्राईबल एम्पलाइज एंम्पावरिंग एसोसिएशन ऑफ इंश्योरेंस सेक्टर (तीर) संगठन के 15 सदस्य प्रतिनिधि मंडल ने इसमें भाग लिया तथा दीक्षाभूमि के पांडाल में मुख्य रूप से जरूरतमंद लोगों को 100000 तक की व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा पॉलिसी का निशुल्क वितरण किया तथा विशेष तौर से गरीब स्कूली बच्चों को स्टेशनरी का सामान भी वितरित किया गया।

धम्मचक्र प्रवर्तन दिन भारतीय बौद्धों का एक प्रमुख उत्सव है। दुनिया भर से लाखों बौद्ध अनुयाई एकट्ठा होकर हर साल अशोक विजयादशमी एवं 14 अक्टूबर को मुख्य रुप से दीक्षाभूमि, नागपुर महाराष्ट्र में मनाते हैं। डॉ. आंबेडकर ने जहां बौद्ध धम्म की दीक्षा ली वह भूमि आज दीक्षाभूमि के नाम से जानी जाती है। इस अवसर पर देशभर के सरकारी विभागों तथा सार्वजनिक उपक्रमों के अनुसूचित जाति/जनजाति के लाखों कार्मिक इसका हिस्सा बन, वहां आने वाले सभी अनुयायियों की यथासंभव सेवा करते हैं।

# पर्स छीनने वाले दो बदमाश गिरफ्तार

**जयपुर,** (कासं)। राजधानी की मुहाना थाना पुलिस ने पर्स छीनने और जानलेवा हमले की वारदात का खुलासा करते हुए दो आरोपियों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से वारदात में काम ली गई बाइक भी बरामद कर ली है।

डीसीपी साउथ योगेश गोयल ने बताया कि पुलिस ने आरोपी अजय मीणा, तनय जांगीड सहित उन्हें शरण देने वाले अमन शर्मा को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि अनिल श्रीवास्तव निवासी बालाजी विहार मोहनपुरा केशर चौराहे के पास ने मामला दर्ज कराया। उसने पुलिस को बताया कि वह मंगलवार को अपनी पत्नी मीनाक्षी श्रीवास्तव के साथ स्कूटी पर सवार होकर थडी मार्केट अग्रवाल फार्म से सुमेर नगर होते हुए अपने घर बालाजी विहार आ रहा था। बीच रास्ते में गिर्राज नगर मेन रोड लाइब्रेरी के पास पीछे से बाईक पर सवार दो लडके आए। उन्होंने मेरी पत्नी का पर्स खीचने की कोशिश की। इस दौरान वह स्कूटी से गिरकर गंभीर घायल हो गई। इस पर आरोपियों को पकड़ने के लिए मुहाना थानाधिकारी लखन सिंह खटाना के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस टीम ने मौके व अन्य आने जाने वाले रास्तों में लगे हुये 200 से अधिक कैमरों की फुटेज खंगाले गये। साथ ही पूर्व में चालन शुदा अपराधियों से पूछताछ की गई। इस दौरान फुटेज के आधार पर आरोपियों की तलाश शुरू की गई। इस दौरान दोनों आरोपियों को उनके एक साथ के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी नशा करने के आदी है। आरोपी नशे और महंगे शौक पूरा करने के लिये चैन व पर्स लूट की वारदात को अंजाम देते है। यह व्यस्त मार्केट वाले क्षेत्रों में रैकी करते हुये, टारगेट तय करते है। आरोपी रैकी के अनुसार बाईक से लोगों का पीछा करते हुये मौका पाकर चैन व पर्स लूट की वारदात को अंजाम देते है। आरोपी वारदात के बाद मुख्य रास्तों को छाड़कर गलियों से होते हुये शरणदाता अमन शर्मा के बताये अनुसार अपने ठिकानों पहुंचते हैं। वहीं वारदात में काम लिए वाहन को छोडकर अन्य ऑटोरिक्शा, ई-रिक्शा आदि से निकल कर अपनी उपस्थिती छिपा लेते है।